राज्यपाल सचिवालय

राज भवन, जयपुर

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्री मनोहर जोशी के निधन पर राज्यपाल की शोक संवेदना

जयपुर, 23 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ओर लोकसभा अध्यक्ष रहे श्री मनोहर जोशी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा की स्व. जोशी संसदीय परंपराओं और मूल्यों में आस्था रखने वाले राजनीतिज्ञ थे। सार्वजनिक जीवन में आम जन के विकास के लिए किए उनके कार्य सदा याद किए जाएंगे।

राज्यपाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।